केन्द्रीय विद्यालय ,खम्मम

निर्माणात्मक आकलन 1

2016-2017

कक्षा-10 **समय -90 मिनट**

विषय -हिन्दी **पूर्णांक - 40**

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | 5 अंक

बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी–जीवन -जिंदगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढती है | दुखी हो गए | पंद्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे | कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठापित होगी,लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा ....| क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया |.... और कैप्टन मर गया | सोचा, आज वहाँ रुकेंगे नहीं, सीधे निकल जाएँगे | ड्राइवर से कह दिया, चौराहे पर रुकना नहीं,आज बहुत काम है, पान आगे कहीं खा लेंगे |

(१) हालदार साहब के दुखी होने का क्या कारण था ?

(२) कस्बे में घुसने से पहले हालदार साहब को क्या ख्याल आया ?

(३) आजकल जनता कैसे लोगों का मजाक उड़ाती है ?

(४) गद्यांश में युवा पीढ़ी के लिए निहित संदेश स्पष्ट कीजिए |

(५) हालदार साहब ने ड्राइवर को क्या आदेश दिया था और क्यों ?

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये | 5 अंक

डार द्रुम पलना बिछौना नाव पल्लव के,
सुमन झिंगूला सोहै तन छवि भारी दै |
पवन झूलावै, केकी-कीर बतरावै 'देव',
कोकिल हलावै-हुलसावै कर तारी दै |
पूरित पराग सो उतारो करै राई नोन,
कंजकली नायिका लतान सर सारी दै |
मदन महीप जू को बालक बसंत ताहि,
प्रातहि जगावत गुलाब चटकारी दै |

(१) बसंत रूपी बालक को कौन और कैसे जगा रहा है ?

(२) बालक का पालना क्या है और उस पर कैसा बिस्तर बिछा हुआ है ?

(३) मोर,तोता और कोयल क्या कर रहे हैं ?

(४) बालक को नज़र क्यों लग गयी है ?

(५) बालक की नज़र उतारने के लिए क्या किया जा रहा है ?

प्र.3 निम्नलिखित वाक्यों के रचना के आधार पर वाक्य-भेद बताइए- 6 अंक

(१) जो व्यक्ति परिश्रमी होते हैं, वे अच्छे लगते हैं |

(२) प्रातः काल होने पर चिड़ियाँ चहचहाने लगती है |

(३) मालिक ने कहा कि कल छुट्टी रहेगी |

(४) भूकंप आया और सारा शहर उजड़ गया |

(५) जो प्रतिदिन व्यायाम करते हैं, वे स्वस्थ रहते हैं |

(६) उसने स्वयं को बुद्धिमान कहा |

प्र.4 निम्नलिखित वाक्यों को संयुक्त वाक्यों में बदलिए- 6 अंक

(१) वह खाना खाते ही खेलने चला गया |

(२) वह सब्जी खरीदने के लिए बाज़ार गया |

(3) वह बाहर निकला ही था कि वर्षा होने लगी |

(4) अस्वस्थ होने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका |

(5) बादल घिरने पर वर्षा होने लगी |

(6) मैंने उसे पढ़ाकर नौकरी दिलवाई |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए | 12 अंक

(१) सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?

(२) लेखक के अनुसार बालगोबिन भगत ने किस प्रकार प्रचलित मान्यताओं का खंडन किया ?

(३) भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?

(४) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है ?

(५) गोपियों ने किन-किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं ?

(६) कवि देव ने 'श्रीब्रजदूलह' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है और उन्हें संसार रूपी मंदिर का दीपक क्यों कहा है ?

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों में किसी एक प्रशन का उत्तर दीजिए- 5 अंक

(१) भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है ?

अथवा

बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं ?